मीरजापुर पुलिस

—प्रेस नोट—

दिनांकः15.03.2026

थाना लालगंज पुलिस द्वारा गैर इरादतन हत्या के प्रयास व अंग भंग करने के अभियोग से सम्बन्धित 03 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार —

थाना लालगंज, जनपद मीरजापुर पर दिनांकः 03.02.2026 को वादी किशोरी लाल पुत्र स्व0 मेवालाल निवासी बोकरिया पोस्ट गुलालपुर थाना लालगंज जनपद मीरजापुर द्वारा नामजद अभियुक्तों के विरूद्ध वादी के पुत्र के साथ मारपीट कर गंभीर रूप से घायल करने तथा अंग भंग करने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई। उक्त के सम्बन्ध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना लालगंज पर मु0अ0सं0-34/2026 धारा 115(2),125,324(4),126(2),131,110,118(2) बीएनएस पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई।

अपर्णा रजत कौशिक पुलिस अधीक्षक जनपद मीरजापुर द्वारा उक्त घटना को गंभीरता से लेते हुए क्षेत्राधिकारी लालगंज के नेतृत्व में अभियुक्तों की यथाशीघ्र गिरफ्तारी हेतु प्रभारी निरीक्षक लालगंज को निर्देश दिए गए। उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना लालगंज पर पंजीकृत उपरोक्त अभियोग में अग्रिम विवेचनात्मक कार्यवाही करते हुए आज दिनांकः 15.03.2026 को उप निरीक्षक सुजीत कुमार सेठ मय पुलिस टीम द्वारा प्राप्त मुखबिर सूचना के आधार पर थाना लालगंज क्षेत्र से मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित वांछित 03 अभियुक्तों 1. शनि कोल पुत्र लालचन्द्र कोल, 2. गोलू पुत्र राजेन्द्र व 3. करन पुत्र लालचन्द्र निवासीगण टांडा फाल तुर्कहा थाना लालगंज जनपद मीरजापुर को अंतर्गत धारा 115(2),125,324(4),126(2),131,110,118(2) बीएनएस में गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए मा0न्यायालय/जेल भेजा गया।

नाम पता गिरफ्तार अभियुक्तगण —

1. शनि कोल पुत्र लालचन्द्र कोल निवासी टांडा फाल तुर्कहा थाना लालगंज जनपद मीरजापुर।
2. गोलू पुत्र राजेन्द्र निवासी टांडा फाल तुर्कहा थाना लालगंज जनपद मीरजापुर।
3. करन पुत्र लालचन्द्र निवासी टांडा फाल तुर्कहा थाना लालगंज जनपद मीरजापुर।

पंजीकृत अभियोग —

मु0अ0सं0-34/2026 धारा 115(2),125,324(4),126(2),131,110,118(2) बीएनएस थाना लालगंज जनपद मीरजापुर ।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम —

उप निरीक्षक सुजीत कुमार सेठ मय पुलिस टीम थाना लालगंज जनपद मीरजापुर।